# अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन करने पर चर्चा

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की लखनऊ शाखा ने एमएसएमई दिवस पर आम जनता एवं व्यापारियों के लिए सहायता केंद्र का शुभारंभ आईसीएआई भवन गोमती नगर में किया। इस मौके पर 'एक दिन एमएसएमई के नाम' थीम पर आयोजित सेमिनार में प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के रोड मैप पर चर्चा की गई।

एमएसएमई एवं स्टार्ट अप कमेटी के चेयरमैन एवं आईसीएआई के सेंट्रल काउंसिल मेंबर ज्ञान चंद्र मिश्र के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, लखनऊ जोन के जोनल प्रमुख राजेश कुमार ने प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के बारे में चर्चा की।

## यूपी एमएसएमई का पावर हाउस :डीएम

विश्व एमएसएमई दिवस पर एसोचैम ने डीएम विशाख जी के साथ एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। सत्र में डीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश एमएसएमई का पावर हाउस है। इससे पहले एसोचैम के सह-अध्यक्ष हसन याकूब ने डीएम के जीवन यात्रा का संक्षिप्त विवरण साझा किया।

## व्यापारियों को भी मिले एमएसएमई का लाभ

लखनऊ। यूपी आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में बैठक में कहा गया कि व्यापारियों को भी एमएसएमई का लाभ दिया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों को उद्यम के क्षेत्र में आना होगा, तभी अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन की हो जाए।